# चीन में कोरोना क्रूरता पर घिरे शी जिनपिंग ने दी धमकी

## चीन के कई शहरों में बेहद सख्त लकडाउन लगाए जाने से जनता में भारी गुस्सा

धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। शंघाई और बीजिंग जैसे शहरों में कोरोना लॉकडाउन के नाम पर अपने नागरिकों के खिलाफ क्रूरता की सारी हदें पार करने वाले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपनी नीतियों की आलोचना भी बर्दाश्त नहीं है। शी जिनपिंग ने चीन की बेहद क्रूर जीरो कोविड नीति के खिलाफ आवाज उठाने वालों को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी दी है। चीनी राष्ट्रपति ने यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है जब देश के कई शहरों में बेहद सख्त लॉकडाउन लगाए जाने से जनता में भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। चीन के कई शहरों में जोरदार प्रदर्शन भी हुए हैं। चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में शी जिनपिंग ने जीरो कोविड नीति को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया। साथ ही प्रण किया कि जो कोई भी देश की महामारी को रोकने वाली नीतियों के खिलाफ संदेह करता है या उन्हें नहीं मानता



है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चीन के शंघाई शहर में कोरोना लॉकडाउन के बाद जनता में भड़के गुस्से के बाद पहली बार शी जिनपिंग ने इस मुद्दे पर बयान दिया है।

**कम्युनिस्ट पार्टी में तेज हुआ जीरो कोविड नीति का विरोधः** चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शी जिनपिंग के हवाले से कहा, हमारी बचाव और नियंत्रण की नीति पार्टी की प्रकृति और मिशन से निर्धारित होती है। हमारी नीतियां इतिहास की परीक्षा में खड़ी रह सकती हैं। हमारे कदम वैज्ञानिक और प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, हमने वुहान को बचाने की जंग को जीता है। हम निश्चित रूप से शंघाई को जीतने की जंग को जीत कर दिखाएंगे। सीएनएन ने चीनी मामलों के विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि शी जिनपिंग की यह चेतावनी यह दर्शाती है कि कम्युनिस्ट पार्टी के अंदर ही चीनी राष्ट्रपति की जीरो कोविड नीति को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय पार्टी लीडर शी जिनपिंग की नीति से खुश नहीं हैं। इस बीच कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 51.6 करोड़ हो गए। वहीं इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 62.4 लाख हो गई। इस महामारी से बचाव की लिए अब तक टीके की 11.32 अरब डोज दी जा चुकी है।

**भारत कोरोना मामलों की सूची में दूसरे स्थान परः** वर्तमान वैश्विक मामले और मरने वालों की संख्या क्रमशरू 516,026,519 और 6,247,076 है, जबकि दिए गए कुल टीके की कुल संख्या बढ़कर 11,325,868,591 हो गई है। सीएसएसई के अनुसार, 81,692,541 मामलों और 996,946 मौतों के साथ अमेरिका अमेरिका सबसे अधिक प्रभावित देश बना हुआ है। भारत कोरोना मामलों की सूची में 43,091,393 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## न्यूज डायरी



### श्रीलंका में सरकार विरोधी हड़ताल की वजह से स्कूल और रेलवे स्टेशन हुए बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण शुक्रवार को हजारों दुकानें, स्कूल और व्यवसाय बंद हो गए। हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मांग है कि मौजूदा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें। बता दें कि श्रीलंका आर्थिक और राजनीतिक बदहाली के बुरे दौर से गुजर रहा है। देश के लोग राजनीतिक उठापटक और आर्थिक मुश्किलों के बीच झूल रहे हैं। इस सप्ताह श्रीलंका के वित्त मंत्री अली साबरी ने बताया कि कोरोना महामारी, तेल की बढ़ती कीमतों और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार द्वारा कर में कटौती के कारण, श्रीलंका के पास 50 मिलियन डालर विदेशी भंडार ही बचा हुआ है। ईंधन और दवाओं की कमी की वजह से परेशान श्रीलंका की जनता सड़कों पर उतर चुकी है। राजधानी कोलंबो समेत पूरे देश में हिंसा और हंगामे का दौर जारी है।

### देखते ही देखते विमान का इमरजेंसी गेट खोल विंग्स पर चलने लगा पैसेंजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। दुनिया में किस्म किस्म के लोग हैं। कुछ ऐसे हैं जो कभी भी कुछ अलग करने से नहीं चूकते भले ही इससे किसी को नुकसान ही क्यों न हो जाए। ऐसा ही कुछ अमेरिका के शिकागो में उस वक्त देखने को मिला जब एक पैसेंजर अचानक विमान का इमरजेंसी गेट खोलकर प्लेन के विंग्स पर चलने लगा। हालांकि जिस वक्त की ये घटना है उस वक्त न तो विमान रनवे पर था और न ही मूव हो रहा था। उस वक्त विमान शिकागो ओ हारे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टैक्सी एरिया में खड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस पैसेंजर को बाद में पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया। बताया जाता है कि ये पैसेंजर केलीफार्निया का था। शिकागो पुलिस डिपार्टमेंट की तरफ से बताया गया है कि ये पुरुष यात्री विमान में बैठने के कुछ देर बाद ही इमरजेंसी गेट की तरफ चला या और गेट खोल दिया। उसको विमान के विंग्स पर चलता देख कुछ देर के लिए विमान में बैठे दूसरे पैसेंजर भी घबरा गए।

### कैराइन जीन-पियरे होंगी व्हाइट हाउस की अगली प्रेस सचिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस की नई प्रेस सचिव के नाम की घोषणा की है। उन्होंने प्रेस सचिव के तौर पर कैराइन जीन पियरे के नाम का एलान किया है। कैराइन मौजूदा प्रेस सचिव जेन साकी की जगह लेंगी। व्हाइट हाउस की एक विज्ञप्ति में कहा गया, राष्ट्रपति बाइडन ने घोषणा की है कि कैराइन जीन पियरे को राष्ट्रपति और व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव के सहायक के रूप में पदोन्नत किया गया है। राष्ट्रपति बाइडन ने कैराइन की जमकर तारीफ भी की है। उन्होंने कहा कि कैराइन के पास इस कठिन काम के लिए ना सिर्फ आवश्यक अनुभव, प्रतिभा और ईमानदारी है, बल्कि वह अमेरिकी लोगों की ओर से बाइडन-हैरिस प्रशासन के काम के बारे में संवाद करने के मार्ग का नेतृत्व करना जारी रखेंगी।

### जम्मू-कश्मीर परिसीमन पर भड़का पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर में भारत के परिसीमन कराए जाने को लेकर पाकिस्तान ने नाराजगी जताइ है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारत के प्रभारी राजदूत को तलब कर परिसीमन पर आपत्ति दर्ज करायी है। पाकिस्तान सरकार ने कहा कि वह भारत के कश्मीर पर परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को खारिज करता है। पाकिस्तान ने दावा किया कि इस आयोग का उद्देश्य मुसलमानों को नागरिकता से वंचित करना और उन्हें कश्मीर में कमजोर करना है। भारत सरकार द्वारा परिसीमन आयोग को जम्मू और कश्मीर में विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से बनाने का काम सौंपा गया है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पैनल ने गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों को फिर से तैयार करने के अंतिम आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## दक्षिण कोरिया विस्तारित क्वाड का सदस्य बनने के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस यूक्रेन जंग की आंच अब केवल दो देशों तक ही सीमित नहीं है। इस युद्ध के चलते कई स्थापित सामरिक समीकरणों में भारी फेरबदल हुआ है। इससे दुनिया में बहुत तेजी से ध्रुवीकरण की प्रक्रिया बढ़ी है। अमेरिका के सख्त स्टैंड के कारण दुनिया दो खेमे में बंटती दिख रही है। इस युद्ध में भारत की तटस्थता नीति अमेरिका को अखर रही है। इसको लेकर अमेरिका कई बार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत को आगाह कर चुका है। रूस की घेराबंदी कर रहे अमेरिका व पश्चिमी देशों ने भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बाइडन प्रशासन ने कई दफे यह साफ किया है कि भारत का यह स्टैंड अमेरिकी कार्रवाई को प्रभावित कर रहा है। यह भी चर्चा है कि भारत के इस रुख के कारण अमेरिका क्वाड की रणनीति में बदलाव कर सकता है। यह आशंका जाहिर की जा रही है कि क्वाड में भारत की जगह दक्षिण कोरिया को रखा जा सकता है।

चीन की इस पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या क्वाड के स्वरूप में बदलाव किया जा सकता है? क्या अमेरिका इस तरह का कदम उठा सकता है? क्या भारत क्वाड से बाहर हो सकता है?



नासा ने जारी किया ब्लैक होल की आवाज का वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अंतरिक्ष में नासा की कई सैटेलाइट हैं जो अलग-अलग ग्रहों, उनके चांद और सितारों की तस्वीरें खींच रही हैं। कई सैटेलाइट अंतरिक्ष के सबसे बड़े रहस्य ब्लैक होल्स की जानकारी इकट्ठा करती हैं। अब एक सैटेलाइट ने ब्लैकहोल की आवाज को रिकॉर्ड किया है। नासा ने अब इसे इंसानी कानों को सुनने के हिसाब से प्रोसेस करके जारी किया है। जिस ब्लैक होल की ये आवाज है वह पृथ्वी से 20 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर है। ये 1.1 करोड़ प्रकाश वर्ष की चौड़ाई में फैले पर्सियस आकाशगंगा समूह के केंद्र का हिस्सा है। 2003 से ही ये ब्लैकहोल ध्वनि से जुड़ा हुआ है।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वीडियो लीक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। अपनी प्लेबॉय छवि के लिए कुख्यात रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक बार फिर से अपने समलैंगिक रिश्तों को लेकर विवादों में हैं। इमरान खान के कई वीडियो इन दिनों पाकिस्तानी सोशल मीडिया में वायरल हो गए हैं। पाकिस्तानी मीडिया में दावा किया गया है कि इन्हीं में से एक वीडियो में इमरान खान एक मर्द के साथ आपत्तिजनक हालत में हैं। इन वीडियो के सामने आने के बाद इमरान खान टेंशन में आ गए हैं और उन्होंने दावा किया है कि उनके चरित्र हनन के लिए ये वीडियो बनाए गए हैं। इससे

इमरान समलैंगिक हैं, कई पीटीआई नेताओं से रिश्तेः रेहम खान

पहले इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान पीटीआई नेता पर समलैंगिक होने का आरोप लगा चुकी हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार असद अली तूर के मुताबिक इमरान खान के लीक हुए कई वीडियो में से एक वीडियो में पूर्व पाकिस्तानी पीएम एक मर्द के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा एजेंसियों ने इस वीडियो की जांच पश्चिमी एजेंसियों से कराई है और इसे सही पाया गया है। इस बीच इमरान खान को अभी अपने वीडियो लीक होने का अहसास हो गया है। इमरान खान ने एक ताजा इंटरव्यू में आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक विरोधी उनका चरित्र हनन करना चाहते हैं।

इमरान खान ने कहा कि नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन और जरदारी की पाटी पीपीपी ने फर्जी वीडियो बनाने वाली कंपनियों को किराए पर लिया है ताकि उनकी छवि को खराब किया जा सके। इमरान अपने बचाव में लगातार वीडियो फर्जी होने का दावा कर रहे हैं लेकिन उनकी पूर्व पत्नी रेहम खान भी पीटीआई नेता को समलैंगिक बता चुकी हैं। रेहम खान ने यह भी खुलासा किया था कि इमरान खान ने शादी से पहले उनका यौन उत्पीड़न किया था।

### यूक्रेन युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन पर सेंसरशिप से भड़की रूसी महिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध के खिलाफ रूस में ही लोगों ने प्रदर्शन किया, जिसे राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने खत्म कर दिया। पुतिन प्रशासन की ओर लगाए जा रहे सेंसरशिप के विरोध में एक रूसी महिला ने अपना मुंह सिल कर विरोध दर्ज कराया। महिला के विरोध के बाद अब उस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। येकातेरिनबर्ग के पूर्वी शहर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने नादेज्दा सईफुतदीनोवा को एक मनोरोग फैसिलिटी में कैद करने के लिए बल का इस्तेमाल किया। सईफुतदीनोवा गंभीर मुकदमों से बच गई हैं, लेकिन उन पर रूसी सशस्त्र बलों को बदनाम करने का मुकदमा चल सकता है। 30 वर्षीय महिला ने शहर में अकेले प्रदर्शन करने से पहले अपने मुंह को सुई धागे से सिल लिया था। महिला ने हाथ में एक पोस्टर पकड़ रखा था, जिस पर लिखा था श्आप चुप नहीं रह सकते। आप चुप नहीं रह सकते। इसकी कीमत हमारी चेतना है। युद्ध शांति नहीं है।